हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 3 सितंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 एफआईआर पर बवालः चंदा चोर वही मिलेंगे...



07 सरकारी कामों में भ्रष्टाचार का आरोप जिपं अध्यक्ष ने ...



खबर संक्षेप

आज होगा नवनियुक्त एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह

सागर। शासन द्वारा नियुक्त किए गए एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह नगर पालिक निगम के सभाकक्ष में गुरुवार को प्रातः 11 बजे आयोजित किया गया है। समारोह में 8 नवनियुक्त एल्डरमैन पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

नगर परिषद बिलहरा में आज होगा जनसंवाद कार्यक्रम

सागर। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत आम जनता की शिकायतों के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग और लोक सेवाओं को समय-सीमा में प्रदाय करने के उद्देश्य से 03 सितंबर को नगर परिषद बिलहरा में जनसंवाद कार्यक्रम एवं समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुना जाएगा एवं मौके पर ही उनका निराकरण किया जाएगा। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रतिभा पाल सहित जिला एवं ब्लॉक स्तर के सभी प्रमुख अधिकारी शामिल होंगे, जो मौके पर ही समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। इस कार्यक्रम में नागरिक शामिल होकर अपनी शिकायतें और सुझाव सीधे अधिकारियों के समक्ष दर्ज करा सकते हैं। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत नगर परिषद सुरखी एवं बिलहरा का कार्यक्रम नगर परिषद, बिलहरा में आयोजित किया जाना निर्धारित है। प्रशासन द्वारा नगर परिषद सुरखी एवं बिलहरा के क्षेत्रवासियों से अपील की गई है कि वे 03 सितंबर को आयोजित होने वाले इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने आवेदन दें और शासन की विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर निर्देश दिए कि मातृ मृत्यु के प्रत्येक प्रकरण में बैक ट्रैक कर कारणों की जांच की जाए। हाई रिस्क प्रेगनेंसी महिलाओं का गंभीरता से चिन्हांकन किया जाए, कोई भी महिला छूटनी नहीं चाहिए। एचआरपीडब्ल्यू का मैनेजमेंट गंभीरता से किया जाए तथा एनीमिया एवं सीवियर एनीमिया का विकासखंडवार चिन्हांकन प्रतिशत बढ़ाया जाए। आशा कार्यकर्ताओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि लापरवाह एवं कार्य न करने वाली आशा कार्यकर्ताओं तथा संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही कर नोटिस जारी किए जाएं। एचबीएनसी में जीरो विजिट वाली आशा कार्यकर्ताओं को नोटिस देकर सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जाए। स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया गया कि आपसी लाइव कम्युनिकेशन बनाए रखें और जमीनी स्तर के डेटा की जानकारी नियमित रूप से अनमोल पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

नटेरन के 25 गांवों में 5 को लगेंगे शिविर

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत नटेरन जनपद पंचायत के दो क्लस्टरों के 25 गांवों में शनिवार 5 सितंबर को विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शुक्रवार 4 सितंबर को जन्माष्टमी के अवकाश के कारण शिविर एक दिन आगे बढ़ाए गए हैं। सतपाड़ाहाट क्लस्टर के 12 तथा पमारिया क्लस्टर के 13 ग्रामों में शिविर लगेंगे। इनमें ग्रामीणों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों का मौके पर निराकरण किया जाएगा। विभागों के अधिकारी कर्मचारी आवेदन प्राप्त करेंगे तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्रवाई करेंगे।

अग्निवीर सेना भर्ती रैली के आयोजन के लिए बैठक संपन्न

1 से 14 अक्टूबर तक होगी अग्निवीर सेना भर्ती रैली, 10 जिलों के 11 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) ग्वालियर द्वारा 1 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, सागर में 14 दिवसीय सेना भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। रैली की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल, एसपी अनुराग सुजानिया, जिला पंचायत सीईओ जगदीश गोमे, नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, एआरओ ग्वालियर से सेना के अधिकारी कर्नल पंकज कुमार, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, नगर दंडाधिकारी, एसडीएम, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री, इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य, बीएसएनएल के मुख्य अभियंता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कर्नल पंकज कुमार ने भर्ती रैली के दौरान होने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

एडीएम सागर ने विभिन्न विभागों को सौंपे गए दायित्वों एवं उनके द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। भर्ती रैली में शिवपुरी, सागर, छतरपुर, दतिया, टीकमगढ़, निवाड़ी, श्योपुर, भिंड, मुरैना और ग्वालियर सहित 10 जिलों के लगभग 11 हजार आवेदकों के शामिल होने की संभावना है। इस सेना भर्ती रैली में विभिन्न श्रेणियों के योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेड्समैन सहित विभिन्न श्रेणियों में भर्ती होगी। इसके साथ ही परमानेंट श्रेणियों में सिपाही फार्मा और सोल्जर टेक्निकल नर्सिंग असिस्टेंट के पदों पर भी भर्ती की जाएगी। वीमेन मिलिट्री पुलिस की श्रेणी भी भर्ती रैली में शामिल रहेगी।

सेना भर्ती कार्यालय ने उम्मीदवारों से अपील की है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और योग्यता आधारित है। अभ्यर्थी दलालों या फर्जी दावों से सावधान रहें तथा अपनी मेहनत और तैयारी पर भरोसा करें। भर्ती प्रक्रिया से जुड़ी लाइव अपडेट, एडमिट कार्ड एवं आधिकारिक सूचनाओं के लिए उम्मीदवारों से सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) ग्वालियर के आधिकारिक व्हाट्सएप चौनल को फॉलो करने की अपील की गई है।



राहुल गांधी पर एफआईआर के विरोध में शहर कांग्रेस ने किया पुतला दहन

सागर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशव्यापी आह्वान पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी सागर द्वारा सोमवार को राहुल गांधी पर उत्तराखंड में दर्ज की गई राजनीतिक प्राथमिकी के विरोध में अप्सरा टॉकीज चौराहा, भगवानगंज, सागर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला दहन कर अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इस बीच पुतला दहन रोकने पुलिस ने वाटर कैनन का जमकर प्रयोग किया। अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि उत्तराखंड की धामी सरकार ने भाजपा के इशारे पर राहुल गांधी के खिलाफ झूठी और दुर्भावनापूर्ण एफआईआर दर्ज कर लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास किया है। कांग्रेसजनों ने धामी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुष्कर सिंह धामी का पुतला काफी दूर तक घसीटा और फिर पुतला -दहन कर एफआईआर तत्काल वापस लेने की मांग की। संगठन महामंत्री रामकुमार पचौरी ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज से घबरा गई है। राहुल गांधी लगातार दलित, पिछड़े, आदिवासी और आम जनता के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं, इसलिए भाजपा शासित उत्तराखंड की धामी सरकार पुलिस का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता अपने महबूब नेता राहुल गांधी जी के साथ खड़ा है। डॉक्टर किरण लता सोनी ने कहा कि जब तक राहुल गांधी पर दर्ज झूठी प्राथमिकी वापस नहीं ली जाती, कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन तेज करेगी। संचालन शरद पुरोहित ने किया। इस अवसर पर प्रदीप पप्पू गुप्ता, राकेश राय, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, सागर साहू, रमाकांत यादव, कमलेश तिवारी, हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे,आनंद हैला, जितेंद्र रोहण, पार्षद ताहिर खान, वसीम खान, हीरालाल चौधरी, ज्योति मलैया , मुबीन खान, गोपाल प्रजापति, लीलाधर सूर्यवंशी, सुनील ठाकुर, दीपक कुर्मी,अजय सिंह राजपूत, समीर खान, देवेंद्र वाल्मीकि, वीरेंद्र महावते,नौशाद अब्बासी,आदिल राईन ,बिल्ली रजक, जितेंद्र चौधरी फिरदौस कुरैशी, अशोक नागवानी ,हरिश्चंद्र सोनबर, साजिद राईन, जाहिद ठेकेदार सुरेश पंजवानी,रशीद राईन, ,मयंक ठक्कर ,गंगाराम अहिरवार, दीनदयाल तिवारी ,गोपी यादव ,रवि सोनी ,विजय छत्तानी, संजय सराफ,रवि सोनी, नीलेश अहिरवार, अरविंद ठाकुर, डाक्टर दिनेश पटैरिया,समीर खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।



कन्या छात्रावास को प्राइवेट भवन में शिफ्ट करने का विरोध, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

खुरई। नवीन सीनियर एससी कन्या छात्रावास खुरई में रह रही छात्राओं को अन्यत्र प्राइवेट किराए के भवन में शिफ्ट करने के आदेश के विरोध में पालकों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पालकों ने ज्ञापन में बताया कि गत वर्षों से उनकी बच्चियां उक्त छात्रावास में निवासरत होकर नियमित अध्ययन कर रही हैं। वर्तमान में अधीक्षिका द्वारा छात्राओं को प्राइवेट किराए के भवन में ले जाने के लिए कहा जा रहा है, जिससे सभी पालक असहमत हैं। पालकों का कहना है कि वर्तमान छात्रावास का माहौल बच्चियों के लिए पूरी तरह अनुकूल और सुरक्षित है। बच्चियों की उम्र अधिक है और यहां वे खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं। साथ ही त्रैमासिक परीक्षाएं भी नजदीक हैं, ऐसे में इस समय स्थान परिवर्तन करना उचित नहीं है। सुरक्षा की दृष्टि से भी वर्तमान स्थान अधिक सुरक्षित है। पालकों ने मांग की है कि बच्चियों को वर्तमान में संचालित छात्रावास में ही नियमित रूप से अध्ययन करने की अनुमति दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि बच्चियों को अन्यत्र स्थान पर ले जाया गया तो वे अपनी बच्चियों का नाम छात्रावास से कटवा देंगे, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी।

सेवा और जनकल्याण के संकल्प के साथ जन जन तक पहुंचेगी भाजपा : श्याम तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से प्रारंभ होने वाले एक माह के 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी सागर की बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा, जनकल्याण एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा कर उनके प्रभावी क्रियान्वयन की कार्ययोजना तैयार की गई। साथ ही अभियान के सुचारु संचालन के लिए जिला स्तरीय टोली का गठन कर दायित्वों का निर्धारण किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभालने के बाद से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्र का नेतृत्व करते हुए संवैधानिक पद पर जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण किए हैं। सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्रहित को समर्पित उनकी यह 25 वर्षीय यात्रा जनसेवा के प्रति उनके अटूट संकल्प की प्रेरक अभिव्यक्ति है। इसी भाव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'सेवा संकल्प अभियान' को व्यापक स्वरूप दिया जाएगा। तिवारी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जकल्याण कारी योजनाओं ने गरीब, किसान, महिला, युवा सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता सेवा कार्यों के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करेंगे तथा पात्र नागरिकों तक योजनाओं की जानकारी एवं उनका लाभ पहुंचाने में सहयोगी की भूमिका निभाएंगे।बैठक में अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, लाभार्थी संपर्क, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान, युवा सहभागिता, नुक्कड़ नाटक एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न सेवा एवं रचनात्मक गतिविधियों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि अभियान को केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला तक सीमित न रखते हुए इसे सेवा और जनसंपर्क का व्यापक जनअभियान बनाया जाए। प्रत्येक आयोजन ऐसा हो जिससे समाज को प्रत्यक्ष लाभ मिले और सेवा के माध्यम से संगठन का जनता के साथ संवाद और अधिक सशक्त हो। बैठक में बताया गया कि अभियान के दौरान 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस, 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती तथा 7 अक्टूबर को पमोदी के संवैधानिक पद पर जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



संत रविदास महाराज की रथ यात्रा का विजयपुरा पंचायत में किया स्वागत, उमड़ा जनसैलाब

रहली। ग्राम पंचायत विजयपुरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम हरदौट, लुहागर एवं विजयपुरा में संत शिरोमणि रविदास महाराज की रथ यात्रा का आगमन हुआ। रथ यात्रा के गाँव में पहुँचते ही समूचा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया और श्रद्धालुओं ने अपार उत्साह के साथ यात्रा की अगवानी की। इस पावन अवसर पर सरपंच बाबूलाल जारोलिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा कर रथ यात्रा का आत्मीय स्वागत किया। तत्पश्चात संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर आरती उतारी गई एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने संत रविदास जी के विचारों, सामाजिक समरसता और मानव सेवा के संदेशों पर प्रकाश डाला। इस दौरान ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, युवा एवं अपार जनसमूह उपस्थित रहा। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण 'संत रविदास जी महाराज की जय' के जयकारों से गुंजायमान रहा।

जिला पंचायत सीईओ ने की सेल्फ इंप्लॉयमेंट प्रोजेक्ट की साप्ताहिक समीक्षा



सागर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश कुमार गोमे की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु संचालित सेल्फ इंप्लॉयमेंट प्रोजेक्ट की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ गोमे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वरोजगार से जुड़े सभी आवेदनों की भली-भांति जांच कर शीघ्रता से बैंकरों को प्रेषित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि आवेदनों में दस्तावेजों की कमी न रहे, ताकि निरस्तीकरण की संख्या कम से कम हो। उन्होंने कहा कि जो आवेदन निरस्त हुए हैं, उनके निरस्त होने का स्पष्ट कारण बताया जाए, ताकि दस्तावेज दुरुस्त कर पुनः आवेदन कराया जा सके। सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग को प्राप्त लक्ष्य को विकासखंडवार समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैंकरों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित किया जाए कि आवेदनों में किसी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न न हो। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

खुरई रोड के पास अत्याधुनिक ऑडिटोरियम निर्माण से नागरिकों को मिलेंगी विशेष सुविधाएं

सागर। खुरई रोड पर आदिम जाती अनुसूचित जाती एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अंतर्गत सन 1990 से बंद पड़े शासकीय प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र के जर्जर भवन के स्थान पर सर्वसुविधायुक्त अत्याधुनिक ऑडीटोरियम बनाये जाने हेतु जर्जर भवन गिराने का कार्य निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारीयों की उपस्थिति में प्रारम्भ कराया। नगर निगम आयुक्त ने तहसीलदार संदीप तिवारी, नायब तहसीलदारराजेश कोष्टी, आदिम जाति कल्याण विभाग से विनोद भोसले, निगम उपायुक्त एस एस बघेल सहित अन्य के साथ खुरई रोड पर बने शासकीय प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र के पुराने जर्जर भवन पर पहुंचकर निरीक्षण किया और टीन शेड जर्जर भवन को गिरवाने हेतु वर्षों से बंद पड़े ताले खुलवाएँ। खुरई रोड मुख्यमार्ग से लगे हुए उक्त संस्थान के लगभग 36 मीटर 86 मीटर के कुल क्षेत्रफल पर 8 करोड़ रुपयों की लागत से 300 सीटों की क्षमता वाली बैठक व्यवस्था के साथ अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। यह ऑडिटोरियम अत्याधुनिक लाइटिंग, फायर सेफ्टी सिस्टम, कलाकारों के तैयार होने के लिए विशेष कमरे, टॉयलेट सुविधा, दिव्यांगों हेतु आवागमन के लिए रैंप सुविधा आदिआवश्यक सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगा।



सांदीपनि विद्यालय रहली में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व का आयोजन

सागर। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार भारतीय संस्कृति, परम्पराओं, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक समरसता के प्रति विद्यार्थियों में समझ विकसित करने के उद्देश्य से भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व का आयोजन उत्साहपूर्वक एवं गरिमापूर्ण तरीके से मनाया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मंचन किया गया। डॉ उमेश कुमार वैद्य एवं उनके दिव्यांग साथियों द्वारा लोक नृत्य नाटिका, मौनिया नृत्य एवं गीता ज्ञान का उपदेश दिया गया साथ ही श्री कृष्ण के सम्बन्ध में भ्रामक मिथकों के खंडन में व्याख्यान दिया गया। संगीत शिक्षिका तृप्ति सेन, नृत्य शिक्षिका शालिनी दुबे, वैष्णवी पचौरी, राधिका पचौरी, निशा पटेल, प्राची बंसल, वैष्णवी नामदेव, वैष्णवी पटेल द्वारा भजन प्रस्तुत किये गए। अनुज श्रीवास्तव, अमृता दुबे, पार्थवी हजारी,प्रेम पटेल, कवि पटेल, हिमांशु विश्वकर्मा, प्रदीप रैकवार, प्रशांत दुबे, नित्यानंद तिवारी, सुवर्णा श्रीवास्तव द्वारा बुंदेली बरेदी नृत्य प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गोविन्द सिंह ठाकुर एवं देवेंद्र कतरोलिया ने किया। कार्यक्रम संयोजक कमलेश चौबे, शाला प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष विकास तिवारी, अशोक ठाकुर, शैलेन्द्र जैन, सलामत खान, सचिन्द्र शुक्ला, राकेश पटेल, संतोष जैन, लाखन सिंह, पंकज साहू, रवि अहिरवार,ज्योति सिपोल्या, यशी पटेरिया, विजय प्रकाश उइके सहित समस्त सांदीपनि स्टॉफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में एनएसएस स्वयंसेवकों ने शुरू किया पोषण आहार सप्ताह

स्वस्थ जीवन हेतु संतुलित आहार अत्यधिक महत्वपूर्ण : डॉ सरोज गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, सागर में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा 1 सितंबर से 7 सितंबर तक 'पोषण आहार सप्ताह' का उत्साहपूर्वक आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में संतुलित आहार, सही पोषण तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना है।

कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ जीवन हेतु संतुलित आहार अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में सही खान-पान का महत्व समझाने और इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से ही महाविद्यालय में इस तरह के जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाता है।

पोषण आहार सप्ताह के तहत विद्यार्थियों की प्रतिभा और वैचारिक कौशल को मंच देने के लिए सप्ताह भर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार 2 सितंबर को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एनएसएस स्वयंसेवक वैष्णवी नामदेव, अंजना अहिरवार, ममता पटेल, राज आर्यन अहिरवार एवं यशवंत गौड़ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पोषण के विविध पहलुओं पर अपने सारगर्भित विचार रखे।

आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 3 सितंबर को चित्रकला प्रतियोगिता तथा 5 सितंबर को निबंध प्रतियोगिता आयोजित होगी। पूरे सप्ताह चलने वाली इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को 7 सितंबर को समापन अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन कर रहीं एनएसएस छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रज्ञा दुबे ने विद्यार्थियों को अपने दैनिक भोजन में पौष्टिक तत्वों को अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए प्रेरित किया। वहीं डॉ. रवींद्र ठाकुर ने सामान्य भोजन और संतुलित आहार के सूक्ष्म अंतर को व्यावहारिक उदाहरणों के साथ समझाया। उन्होंने आह्वान किया कि पोषण संबंधी इस जागरूकता को विद्यार्थी अपने परिवार और संपूर्ण समाज तक पहुँचाने में माध्यम बनें।कार्यक्रम के अंत में एनएसएस छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं सहभागी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान महाविद्यालयीन स्टाफ और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की उत्साहजनक सहभागिता रही।

विधायक यादवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेसजन

एफआईआर पर बवाल: चंदा चोर वही मिलेंगे, भाजपा के कार्यालय में: कांग्रेस

राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन, बोले: एफआईआर से नहीं दबेगी सत्य की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जनसभा के बाद कथित तौर पर किए गए शुद्धिकरण अनुष्ठान और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध दर्ज प्रकरण के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और केंद्र व उत्तराखंड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर संबंधित मामलों में तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा पर राजनीतिक प्रतिशोध की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। इस दौरान, चंदा चोर कहां मिलेंगे, भाजपा के कार्यालय में, जैसे नारे भी लगाए गए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सत्ता के दबाव में विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सत्य की आवाज को कोई एफआईआर नहीं दबा सकती और संविधान की रक्षा का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता की आवाज को बुलंद करने वाले विपक्षी नेताओं को डराने और दबाने की कोशिश किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस न डरेगी, न झुकेगी और न चुप बैठेगी। लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक पूरी मजबूती के साथ जारी रखी जाएगी।

ज्ञापन में जातिवादी मानसिकता का लगाया आरोप

राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने हल्द्वानी की घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाए। ज्ञापन में कहा गया कि देश में ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जो लोकतांत्रिक मर्यादाओं और सामाजिक समरसता के लिए बेहद चिंताजनक हैं। कांग्रेस के अनुसार,



हल्द्वानी में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जनसभा संपन्न होने के बाद सत्ता पक्ष समर्थित संगठनों द्वारा कार्यक्रम स्थल का कथित रूप से शुद्धिकरण अनुष्ठान किया गया। कांग्रेस ने इसे जातिवादी मानसिकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि किसी वरिष्ठ दलित नेता की जनसभा के बाद कार्यक्रम स्थल का इस प्रकार शुद्धिकरण किया जाना देश के करोड़ों दलितों, पिछड़ों और सामाजिक न्याय की अवधारणा का अपमान है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सामाजिक समानता और संविधान में निहित अधिकारों के दौर में इस तरह के कृत्य समाज में जातिगत भेदभाव और असमानता की मानसिकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने इस मामले में दोषी लोगों और संबंधित संगठनों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

राहुल गांधी पर प्रकरण को बताया राजनीतिक प्रतिशोध

ज्ञापन में कहा गया कि जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हल्द्वानी की घटना के खिलाफ आवाज उठाते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की, तो उत्तराखंड पुलिस द्वारा इसके विपरीत राहुल गांधी के खिलाफ ही प्रकरण दर्ज कर दिया गया। कांग्रेस ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध और सत्ता के कथित दुरुपयोग का उदाहरण बताते हुए मामले को विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास करार दिया। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि देश के शीर्ष विपक्षी नेता के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत है। इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार से सवाल पूछना और गलत घटनाओं के खिलाफ आवाज उठाना विपक्ष का संवैधानिक अधिकार है, जिसे किसी भी स्थिति में अपराध की तरह नहीं देखा जाना चाहिए।

दोषियों पर कठोर कार्रवाई और राहुल गांधी पर दर्ज मामले वापस लेने की मांग

कांग्रेस ने राष्ट्रपति से मांग की कि हल्द्वानी में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष की रैली के बाद कथित जातिवादी मानसिकता के तहत किए गए शुद्धिकरण अनुष्ठान की निष्पक्ष जांच कराई जाए। ज्ञापन में ऐसे कृत्य करने वाले संगठनों एवं दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। कांग्रेस ने अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित लागू कानूनों के तहत कार्रवाई किए जाने की मांग भी रखी। इसके साथ ही कांग्रेस ने उत्तराखंड में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध दर्ज किए गए कथित राजनीति से प्रेरित और झूठे प्रकरणों को तत्काल निरस्त करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान और सामाजिक न्याय की रक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश में संविधान और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता के मुद्दों और सामाजिक न्याय से जुड़े सवालों पर पार्टी पीछे नहीं हटेगी तथा आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन में सूर्य प्रकाश मिश्रा, संजय नायक, गौरव शर्मा, अनीस अहमद, पूनम जायसवाल, सुरेंद्र यादव, फरीद खान, राजीव जैन, सुधीर बजाज, नीतेश बिलगईया, रानू शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में कार्यकर्ताओं को मिला अनुशासन का मंत्र

कार्यकर्ताओं की मेहनत व बूथ स्तर पर किए प्रयासों से मजबूत होता है संगठन: सरोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

नवीन भाजपा कार्यालय में भाजपा नगर मंडल की मासिक बैठक मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी एवं मंडल प्रभारी राकेश हटैया की मुख्य उपस्थिति रही। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत एवं अनुशासित बनाने के साथ आगामी पार्टी कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत और बूथ स्तर पर किए जा रहे निरंतर प्रयासों से मजबूत होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन में रहते हुए पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने और संगठन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा और संगठन की ताकत है, इसलिए सभी को एकजुट होकर जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करते हुए पार्टी की जीत सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि आने वाली चुनौतियों का सामना सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर करना है। संगठन की मजबूती के लिए आपसी समन्वय, एकजुटता और अनुशासन बेहद जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी के निर्देशों का पालन करते हुए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने की अपील की।

मंडल प्रभारी राकेश हटैया ने सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर भी कार्यकर्ताओं को सजग किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पार्टी की सकारात्मक गतिविधियों को प्राथमिकता देनी चाहिए। पार्टी की विचारधारा और संगठन की गरिमा के अनुरूप सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए अनुशासन बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने की बात कही।

मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी ने कहा कि नगर मंडल के कार्यकर्ताओं को अनुशासित रहते हुए पार्टी के सभी आगामी कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार कार्य करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

कार्यकर्ताओं से किया संवाद

बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा पार्टी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर भी चर्चा हुई। बैठक समाप्त होने के बाद कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर चाय पर चर्चा करते हुए आपसी संवाद किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास यादव एवं प्रजातंत्र गंगेले, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, किसान मोर्चा अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, मंडल महामंत्री देवेंद्र सेन, पंकज प्रजापति, शिवचरण उटमालिया, जितेंद्र जैकी यादव, आकाश अवस्थी, प्रियंक चीकू यादव, महेश, गुलशन, देवाशीष सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

70 मेधावी विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप की सौगात

मुख्यमंत्री ने वन क्लिक से खातों में भेजी 25-25 हजार की राशि



पलेरा। शासकीय मॉडल विद्यालय पलेरा के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के लिए मंगलवार का दिन खुशियों से भरा रहा। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत विद्यालय के 70 मेधावी विद्यार्थियों के बैंक खातों में लैपटॉप क्रय करने के लिए 25-25 हजार की प्रोत्साहन राशि अंतरित की गई। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागार में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वन क्लिक के माध्यम से पात्र विद्यार्थियों के खातों में राशि पहुंचाई।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण शासकीय मॉडल विद्यालय पलेरा में भी किया गया। विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम देखा। जैसे ही विद्यार्थियों को उनके खातों में प्रोत्साहन राशि पहुंचने की जानकारी मिली, उनके चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यार्थियों ने इस योजना को अपनी पढ़ाई और भविष्य की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण बताया।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, शासकीय मॉडल विद्यालय पलेरा के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में भी शानदार प्रदर्शन किया है। परीक्षा परिणाम में विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जबकि चार विद्यार्थियों ने जिला मेरिट सूची में जगह बनाकर विद्यालय के साथ पलेरा नगर का नाम भी गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्राचार्य कौशल किशोर राजपूत के नेतृत्व में शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के साथ लगातार मार्गदर्शन किया जा रहा है। शिक्षकों के समर्पित प्रयासों और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के रूप में सामने आया है। लैपटॉप खरीदने के लिए मिलने वाली प्रोत्साहन राशि से विद्यार्थियों को डिजिटल एवं आधुनिक तकनीक के माध्यम से अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, शैक्षणिक वीडियो, डिजिटल पुस्तकें और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लैपटॉप विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगा। विद्यालय प्रबंधन ने उम्मीद जताई कि इस सुविधा का विद्यार्थी सदुपयोग करते हुए अपनी पढ़ाई और ज्ञान को और बेहतर बनाएंगे। इस अवसर पर प्राचार्य कौशल किशोर राजपूत सहित शिक्षक ब्रिजेन्द्र सिंह लोधी, नीलम अहिरवार, दिनेश कुमार अहिरवार, जयंती प्रजापति, किरण भार्गव, आकाश खटीक, रामकुमार यादव, रामलाल विश्वकर्मा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

दिगौड़ा में महिला व दो साल के मासूम की मौत से सनसनी

परिजन का दावा: मां ने बेटे के साथ फांसी लगाई, पुलिस बोली: सूचना दिए बिना ले गये अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के पूनौल गांव में बुधवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 29 वर्षीय महिला और उसके दो साल के मासूम बेटे की मौत हो गई। परिजन दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का दावा है कि महिला ने अपने दो वर्षीय बेटे के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या की है। हालांकि घटना की सूचना पुलिस को तत्काल नहीं दी गई और परिजन दोनों को सीधे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने मामले को जांच में लेते हुए दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

दिगौड़ा पुलिस के अनुसार बुधवार दोपहर पूनौल गांव में संजना पत्नी भूपेंद्र दांगी और उसके दो वर्षीय बेटे युवराज सिंह की मौत की जानकारी सामने आई। घटना के बाद परिवार के लोग दोनों को सीधे जिला अस्पताल लेकर आए थे। पुलिस को घटना की जानकारी मिलने के बाद टीम टीकमगढ़ पहुंची और मामले की जांच शुरू की। परिजनों के मुताबिक संजना की तबीयत करीब एक सप्ताह से खराब चल रही थी। उसका टीकमगढ़ और झांसी में चिकित्सकों से उपचार एवं जांच भी कराई गई थी। परिजनों ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा महिला की तबीयत को ऊपरी चक्कर से जोड़कर देखा गया, जिसके बाद परिवार की ओर से आसपास झाड़-फूंक भी कराई गई थी। पुलिस अब महिला की बीमारी और घटना के बीच किसी संभावित संबंध सहित अन्य सभी पहलुओं की जांच कर रही है। संजना के पति भूपेंद्र ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे वह अपने एक दोस्त के साथ घर पहुंचा था। उस समय पत्नी ने चाय बनाई और अपने बेटे युवराज को तैयार कर रही थी। चाय पीने के बाद करीब 12 बजे भूपेंद्र अपने दोस्त के साथ घर से बाहर चला गया। उसके पिता बलबीर सिंह आस-पड़ोस में बैठे थे, जबकि मां घर के अन्य कामों में व्यस्त थी। परिजन के अनुसार करीब एक बजे जब संजना की सास ने घर के अंदर जाकर देखा तो संजना और उसका बेटा फांसी पर लटके हुए मिले। घटना देखकर महिला ने शोर मचाया, जिसके बाद परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों का कहना है कि उस समय बच्चे की सांसें चल रही थीं। घबराए परिजन दोनों को नीचे उतारकर तत्काल जिला अस्पताल लेकर रवाना हुए। घटना के बाद परिजन दोनों को सीधे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस का कहना है कि घटना के संबंध में उन्हें मौके से तत्काल सूचना नहीं दी गई थी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। पुलिस द्वारा घटनास्थल, पारिवारिक परिस्थितियों और घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है। संजना की शादी भूपेंद्र दांगी से मई 2022 में हुई थी। परिजनों के अनुसार भूपेंद्र के पास करीब 20 एकड़ कृषि भूमि है और वह अपने पिता के साथ खेती करता है। परिवार में उसके माता-पिता और पत्नी-बच्चे साथ रहते थे। युवराज भूपेंद्र का इकलौता बेटा था। घटना की जानकारी मिलने के बाद संजना के मायके पक्ष के लोग भी जिला अस्पताल पहुंच गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

संत रविदास जयंती पर पलेरा से निकली कलश वंदन यात्रा



पलेरा। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक समरसता संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को पलेरा से भव्य कलश वंदन यात्रा रवाना हुई। यात्रा का उद्देश्य संत रविदास जी महाराज के समानता, सामाजिक समरसता, भाईचारे और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। यात्रा के दौरान श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। पलेरा से प्रारंभ हुई कलश वंदन यात्रा विभिन्न ग्रामों से होकर गुजरी। यात्रा लहर बुजुर्ग, बसतगुवां, पाली, घूरा, टोरी, बूढौर, संजयनगर, गोवा, कपासी, कछोरा, खजरी एवं इटायली सहित अन्य ग्रामों में पहुंची। यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया गया। जगह-जगह लोगों ने संत रविदास जी महाराज के विचारों का स्मरण करते हुए यात्रा में सहभागिता की। यात्रा के दौरान संत रविदास जी महाराज के सामाजिक एवं आध्यात्मिक विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास जी महाराज ने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से समाज में भेदभाव समाप्त करने, समानता स्थापित करने तथा मानव-मानव के बीच प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया था। वर्तमान समय में उनके विचार समाज को एकजुट करने के लिए और भी अधिक प्रासंगिक हैं।

कलश वंदन यात्रा में शामिल लोगों ने संत रविदास जी महाराज के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा समाज में आपसी भाईचारा, समानता और सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल जयंती मनाना नहीं, बल्कि संत रविदास जी के विचारों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाकर व्यवहार में उतारना है।

यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, सरपंच महक यादव, बलराम अहिरवार, मुकेश तिवारी, मंजू सिसोदिया, मनोनीत पार्षद रामस्वरूप वंशकार सहित भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में संत रविदास जी महाराज के संदेशों को लेकर उत्साह का वातावरण बना रहा।

ग्रामीण स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु कलेक्टर श्रोत्रिय की नई सोच, पंचायत को मिला कचरा वाहन

प्रगति हमेशा सड़क बनकर नहीं बल्कि कचरा गाड़ी बनकर भी आती है: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

विकास की तस्वीर केवल चौड़ी सड़कों, बड़ी इमारतों और चमचमाती योजनाओं में ही नजर नहीं आती, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ गांव की हर गली में भी विकास की अपनी एक कहानी होती है। इसी सोच को जमीन पर उतारने की दिशा में टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं। शहर के बाद अब ग्राम पंचायत स्तर पर भी घर-घर से कचरा संग्रहण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने की पहल शुरू की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत अनंतपुरा को कचरा संग्रहण वाहन उपलब्ध कराया गया है। इस वाहन के माध्यम से पंचायत क्षेत्र के घरों तक पहुंचकर नियमित रूप से कचरा एकत्र करने और गांव की गलियों को स्वच्छ रखने की व्यवस्था को गति मिलेगी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने इस पहल को महज एक कचरा वाहन उपलब्ध कराने की कार्रवाई न मानते हुए इसे ग्रामीण स्वच्छता और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने ग्राम पंचायत अनंतपुरा को मिले कचरा वाहन की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए बेहद प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रगति हमेशा सड़क बनकर नहीं आती, कभी-कभी वह कचरा गाड़ी बनकर आती है। कलेक्टर श्रोत्रिय के इस संदेश ने स्वच्छता को विकास से जोड़ते हुए एक नई सोच सामने रखी है। उनका संदेश स्पष्ट है कि गांव का विकास केवल निर्माण कार्यों से नहीं, बल्कि बेहतर स्वच्छता व्यवस्था, जिम्मेदार नागरिक व्यवहार और नियमित कचरा प्रबंधन से भी मापा जाना चाहिए।

समय पर पहुंचेगा वाहन, तभी सफल होगी व्यवस्था

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कचरा संग्रहण व्यवस्था में समय की पाबंदी को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि किस गली में कचरा संग्रहण वाहन कब पहुंचेगा, इसका समय पहले से निर्धारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वाहन के लिए रूट और समय तय होने से ग्राम पंचायत के साथ-साथ गृहवासियों को भी सुविधा होगी। लोगों को यह पता रहेगा कि उनके घर से कचरा लेने वाला वाहन किस समय पहुंचेगा, जिससे वे अपना कचरा निर्धारित समय पर वाहन को दे सकेंगे। कलेक्टर श्रोत्रिय की इस सोच के पीछे व्यवस्था को नियमित और जिम्मेदार बनाने का उद्देश्य दिखाई देता है। यदि कचरा वाहन कभी आया और कभी नहीं आया तो घर-घर कचरा संग्रहण की योजना अपने उद्देश्य को पूरी तरह हासिल नहीं कर पाएगी। इसके लिए नियमितता, समयबद्धता और पंचायत स्तर पर निगरानी आवश्यक है। यही कारण है कि कलेक्टर ने व्यवस्था में समय की पाबंदी को विशेष महत्व दिया है।



गांव की गलियों से बदलेगी स्वच्छता की तस्वीर

घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में कचरा फेंकने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने में मदद मिल सकती है। गांव की गलियों, रास्तों और सार्वजनिक स्थानों पर बिखरा कचरा जहां गंदगी का कारण बनता है, वहीं इससे पर्यावरण और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। नियमित कचरा संग्रहण से गांव की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने की उम्मीद है। कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा सोशल मीडिया पर वाहन की तस्वीर साझा कर दिए गए संदेश से यह भी स्पष्ट है कि प्रशासन स्वच्छता को केवल सरकारी जिम्मेदारी के रूप में नहीं देख रहा, बल्कि इसमें ग्रामीणों की सहभागिता को भी महत्वपूर्ण मान रहा है। पंचायत को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी तो गृहवासियों को भी घर का कचरा निर्धारित समय पर कचरा वाहन में देना होगा।

कचरा गाड़ी में छिपी विकास की बड़ी तस्वीर

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय का यह संदेश ग्रामीण विकास को देखने का एक अलग नजरिया प्रस्तुत करता है। अक्सर विकास का मतलब सड़क, नाली, भवन और अन्य निर्माण कार्यों से लगाया जाता है, लेकिन स्वच्छता व्यवस्था भी विकास की बुनियादी जरूरत है। घर से निकलने वाले कचरे का सुरक्षित और नियमित निस्तारण हो, गांव की गलियां साफ रहें और लोगों को स्वच्छ वातावरण मिले, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण विकास है। अनंतपुरा को मिले कचरा वाहन के बहाने कलेक्टर श्रोत्रिय ने इसी सोच को सामने रखा है कि विकास का असली अर्थ लोगों के जीवन को बेहतर और सुविधाजनक बनाना है। अब जरूरत इस बात की है कि ग्राम पंचायत वाहन का नियमित संचालन सुनिश्चित करे, प्रत्येक गली का रूट और समय निर्धारित करे तथा ग्रामीण भी स्वच्छता की इस मुहिम में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। तभी कचरा संग्रहण वाहन वास्तव में अनंतपुरा की स्वच्छता और विकास की तस्वीर बदलने का माध्यम बन सकेगा।

खुद के कार्यालय में अधीनस्थ अधिकारी की लापरवाही से नाराज जिला पंचायत अध्यक्ष

सरकारी कामों में भ्रष्टाचार का आरोप जिपं अध्यक्ष ने जड़ा ऑफिस में ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बुधवार को श्योपुर की जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई ने अपने ही ऑफिस (जिला पंचायत कार्यालय) के वाटरशेड दफ्तर में ताला जड़कर नाराजगी व्यक्त कर दी। जिला पंचायत अध्यक्ष का कहना है कि उन्हें क्षेत्र में भ्रमण के दौरान वाटरशेड से जुड़े मामले में भ्रष्टाचार की शिकायत मिल रही थी। जिसे ठीक करने के उद्देश्य से वह अधिकारी से लगातार फाइल दिखाने को बोल रहीं थी लेकिन अधिकारी अपनी करतूत छुपाने के उद्देश्य से फाइल नहीं दिखा रहे हैं। मिल रही शिकायतों से प्रथम दृष्टिया में वाटरशेड योजना में भारी भ्रष्टाचार होना प्रतीत हो रहा है जिससे सरकार की उजली छवि भी खराब हो रही है। हितग्राहियों को बिना रिश्वत दिए सरकारी योजना का लाभ मिले और योजना में पारदर्शिता आए इस उद्देश्य से वाटरशेड कार्यालय में ताला लगाया गया है।

विगत कुछ दिनों से वाटरशेड मामले को लेकर नाराज चल रही जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई का गुस्सा बुधवार को उस समय सातवें आसमान पर पहुंच गया जब बार-बार कहने के बाद भी वाटरशेड प्रभारी ने योजना से जुडी जानकारी उन्हें नहीं दी। जिससे नाराज जिला पंचायत अध्यक्ष अपने चैंबर से निकलकर वाटरशेड कार्यालय पहुंच गई और सभी अधिकारी कर्मचारियों को बाहर निकाल कर उसमें ताला जड़ दिया। जिपं अध्यक्ष का आरोप है कि भाजपा सरकार लोगों की भलाई के काम करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है लेकिन सरकार के द्वारा भेजा गया पैसा हितग्राहियों को मिलने के बजाय अधिकारी कर्मचारी मिलजुल कर बंदरबाट कर रहे हैं। इससे जहां हितग्राहियों को तो लाभ मिल ही नहीं रहा है वहीं शासन की उजली छवि भी खराब हो रही है उन्होंने इस संबंध में अधिकारी से कई बार फाइल मांगी लेकिन अधिकारी फाइल नहीं दिखा रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा दफ्तर में ताला जड़ने की खबर से जिले में हंगामा मच गया। कलेक्टर शीला दाहिमा ने भी इस मामले की जानकारी ली।



आंगनबाडी में भर्ती को लेकर किया प्रदर्शन

जिला पंचायत अध्यक्ष का यह कोई पहला अवसर नहीं है, जब वह भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर हुई हो। इससे पहले भी जिला पंचायत अध्यक्ष आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की भर्ती में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर जिला स्तरीय बैठक का बहिष्कार कर चुकी थी और जिले में इन भर्तियों में होने वाले भारी भ्रष्टाचार की शिकायत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित आला अधिकारियों मंत्रियों से की थी ज्ञात हो कि महिला बाल विकास विभाग ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की ऑनलाइन भर्ती की थी जिसमें श्योपुर जिले में बड़ी संख्या में भर्ती हुई थी इस भर्ती में श्योपुर से ट्रांसफर हो चुके सीडीपीओ से प्रक्रिया पूरी करवाई थी जिस पर भर्ती में दो-दो लाख रुपए प्रति हितग्राही से लेने के आरोप लगे थे। इसकी खूब शिकायत हुई थी लेकिन शिकायतो की जांच नहीं की गई अधिकारियों ने इस तरह के नियम बना दिए जिससे प्रमावित हितग्राही आपति ही नहीं लगा सकी।

अविश्वास प्रस्ताव झेल चुकी हैं गुड्डी बाई

जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई अपने कार्यकाल में अविश्वास प्रस्ताव तक झेल चुकी हैं। जिला पंचायत के सदस्यों ने उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए आवेदन दिया था जिसे स्वीकृत कर अविश्वास प्रस्ताव की बैठक भी आहूत कर ली गई थी लेकिन बैठक के लिए नियुक्त निर्वाचन अधिकारी बनाए गए एडीएम की तबीयत खराब हो जाने की वजह से बैठक नहीं हो सकी बाद में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के हस्तक्षेप के बाद उक्त मामले को सुलझा लिया गया। इस मामले में जिला पंचायत सदस्यों ने अध्यक्ष पर मनमानी करने के आरोप लगाए थे वही कुछ लोग जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई पर अधिकारियों को भ्रष्टाचार न करने देने के कारण अविश्वास प्रस्ताव लाना बता रहे थे जिपं अध्यक्ष गुड्डी बाई से जुड़े कार्यकर्ताओं का कहना है कि वह अधिकारियों का भ्रष्टाचार नहीं करने दे रही है जिससे कुछ सदस्य नाराज थे इसलिए अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था।

इनका कहना...

मेरे द्वारा बार-बार मांगे जाने के बाद भी वाटरशेड से जुड़ी जानकारी नहीं दी जा रही है वाटरशेड में भ्रष्टाचार का माफिया पुन बनकर योजना को खा रहा है मैने आज तालाबंदी की है और इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से भी करूंगी ऐसे अधिकारियों पर जांच बैठना जरूरी है।

गुड्डी बाई
अध्यक्ष जिला पंचायत श्योपुर


एक दिन पहले ही जन्मी थी बालिका, पुलिस कर रही मां की तलाश

नदी किनारे बिलखती मिली नवजात बच्ची, पुलिस ने पहुंचाया जिला अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एक कुमाता अपनी नवजात बच्ची को जन्म देकर उसे नदी किनारे फेंककर चली गई। यह मामला मानपुर थाना क्षेत्र का है। बुधवार की सुबह करीब 6 बजे हीरापुर की नदी किनारे विलख रही इस नवजात बच्ची को वहां से गुजर रहे बाइक सवार दो लोगो ने देखा। इसके बाद मौके पर लोगो की भीड लग गई और कई तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने नवजात बच्ची को जिला अस्पताल में लाकर भर्ती करा दिया गया है।

जहां नवजात बच्ची की हालत ठीक ठाक बताई गई है। लेकिन उस जन्म देने के बाद इस तरह मरने के लिए फेंककर जाने वाली कुमाता का फिलहाल कोई अता पता नहीं है। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर नवजात बालिका की मां की तलाश शुरू कर दी है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बगदिया निवासी राजू गुर्जर बुधवार की सुबह अपने रिश्तेदार जसवंत गुर्जर के साथ चंबल नहर रोड होते हुए श्योपुर से अपने गांव जा रहा था। सुबह करीब 6 बजे यह लोग हीरापुर गिरधरपुर तिराहे के पास स्थित नदी पर बाइक खडी करके फ्रेश होने के लिए चले गए। तभी उन्हें एक नवजात बालिका के रोने की आवाज सुनाई दी। जब यह दोनो युवक बालिका के रोने की आवाज सुनते हुए उसके पास पहुंचे तो उन्हें मुक्तिधाम के पास एक नवजात बच्ची रोते हुए मिली। जिसकी सूचना उन्होने तत्काल पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को अस्पताल भिजवाया। मानपुर थाना प्रभारी सतीश दुबे ने बताया कि नवजात को जिला अस्पताल भेज दिया गया है और मामला दर्ज कर इस नवजात बच्ची को फेंककर जाने वाली महिला की तलाश शुरू कर दी है।

2 किलो 600 ग्राम की है बच्ची

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ एसएन बिंदल ने बताया कि पुलिस द्वारा एसएनसीयू में दाखिल कराई गई नवजात बच्ची चैकअप के दौरान पूरी तरह स्वस्थ्य निकली है। यह नवजात बच्ची एक दिन पहले ही जन्मी है। जिसका वजन करीब 2 किलो 600 ग्राम है। फिलहाल उसे डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है और लगातार देखभाल की जा रही है।

दो दिवसीय जिला स्तरीय तब्लीगी जमात का इज्जतिमा दुआ के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ईदगाह परिसर में आयोजित दो दिवसीय तबलीगी जमात का इज्जत्तीमा बुधवार की रात दुआ के बाद खत्म हो गया इस धार्मिक समागम में जिले भर से करीब 5000 लोग जुड़े थे उनमें से कई जमातें बनाकर दीन के प्रचार प्रचार के लिए निकल गए हैं।

वक्फ इंतजामिया कमेटी अंजुमन इस्लाम के सदर अकरम खान ने बताया कि भोपाल मरकज से मिली स्वीकृति के अनुसार जिला स्तरीय तब्लीगी जमात का इज्जतिमा मंगलवार और बुधवार को ईदगाह में आयोजित किया गया। जिसके लिए अंजुमन कमेटी सभी मुस्लिम समाज के लोगों के साथ इन दो दिनों तक व्यवस्था बनाने में जुटी रही। ईदगाह परिसर में बाहर वाले हिस्से (खेत में) एक दर्जन करीब पक्के शौचालय का निर्माण कर दिया गया



है जो आगे भी काम आते रहेंगे। इज्जतिमा में पांच हजार से अधिक लोग के जुड़ने का दावा है। जो जमाते हैं यहां से बनकर निकली है वह विभिन्न शहरों गांव में जाकर दिन का प्रचार करेंगे यह जमाते 40 दिन 10 दिन और तीन दिन की अलग-अलग निकल गए हैं साथ ही बाद नमाज ईशा 10:00 बजे एक दिन के खाते में पर दुआ खेर की जिसमें अल्लाह रब्बुल इज्जत से आने की दुआ खासकर रो-रो कर किए गए ताकि खेती किसानी को बर्बाद होने से बच सके। देश में अमनो अमान के लिए भी दुआ की गई इस दौरान इज्जतिमा में आए लोगों से बुराई से बचने और दूसरों को बुराई से रोकने तथा नशा मुक्ति के अभियान में खुद पहल करने और शासन प्रशासन को सहयोग करने का अनुरोध किया।अंजुमन सदर अकरम खान ने दो दिवसीय इस इज्जतिमा में व्यवस्था बनाने मे सहयोग करने पर आभार जताया है।

किसानों को अब सिंचाई के लिए दिन में भी मिलेगी बिजली: सीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

किसानों को अब सिंचाई के लिए दिन में भी बिजली की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे वे दिन के समय में भी अपनी फसलों में पानी दे सकेंगे। यह बात मप्र के सीएम डॉ मोहन यादव ने बुधवार को श्योपुर के कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव एवं किसान मेले को वर्चुअली संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने श्योपुर के किसानों से संवाद भी किया। ग्वालियर एयरपोर्ट से उक्त कार्यक्रम से जुडने के दौरान श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, कृषि मंत्री एंदल सिंह कंषाना, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत, अपेक्स बैंक अध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहें। जबकि श्योपुर मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा, एसपी मोती उर रहमान, सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष कैबीनेट मंत्री दर्जा गुड्डी बाई आदिवासी, जिपं अध्यक्ष गुड्डी बाई, विधायक बाबू जंडेल, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण,नपाअध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, सीईओ जिपं कार्तिकेय जायसवाल, एडीएम रूपेश उपाध्याय, एसडीएम श्योपुर गगन मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर श्री विजय शाक्य एवं शिवलाल शाक्य सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बडी संख्या में किसानबंधु उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बलराम की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों नरेन्द्र चौधरी, भरत जाट, शिशुपाल मीणा, सोनू शर्मा, बनवारी मीणा, भुवनेश मीणा,पूरण प्रजापति, गोविद पटेलिया, मान सिंह पटेलिया तथा कक्षा 12वी में उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए मैधावी विद्यार्थियों अंकुश मेहर, भूमिका माहौर, आशा गुर्जर, अनमोल मीणा, अभय गुर्जर, पूनम जाट, वैष्णवी जाट, दीनबंधु मीणा, करण मीणा, मंयक शर्मा को प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने आभार व्यक्त किया। बलराम कृषि महोत्सव एवं किसान मेले के दौरान पशुपालन, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्यपालन, एनआरएलएम द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। वहीं किसानों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मलेरिया विभाग द्वारा एक विशेष जागरूकता प्रदर्शनी (स्टॉल) लगाई गई।कार्यक्रम के दौरान म्युजिकल आर्ट ग्रुप के कलाकारों द्वारा देशभक्ति पूर्ण गीतों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

कृषक विश्राम गृह निर्माण के लिए राशि दिए जाने पर जताया आभार

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण द्वारा स्थानीय कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया कि बलराम कृषि महोत्सव एवं किसान मेले में आये किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा खेती-किसानी की नवीन तकनीकी और फसलों के संबंध में लाभदायक जानकारी प्रदान की गई है। इसके साथ ही कृषि आदान विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसका किसानों को लाभ मिला है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कृषि उपज मंडी श्योपुर में किसानों के लिए नवीन विश्राम गृह निर्माण कराने हेतु पूर्व में स्वीकृत की गई 60 लाख रूपये की राशि के लिए सीएम का आभार व्यक्त किया

बलराम जयंती पर दिया श्रम कृषि और कर्मयोग का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मप्र उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में बलराम जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् से हुआ। इसके बाद मां सरस्वती का पूजन एवं भगवान बलराम जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओपी शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाना आवश्यक है, लेकिन इसके साथ ही हमें अपनी पारंपरिक कृषि पद्धतियों और कृषि संस्कृति को भी संरक्षित रखना चाहिए। भगवान बलराम, जिन्हें बलदाऊ के नाम से भी जाना जाता है, श्रम के सम्मान, कृषि के महत्व और धरती के संरक्षण के प्रतीक रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पं. जितेंद्र शर्मा ने श्रीमद्भगवद्गीता के ज्ञान योग, भक्ति योग एवं कर्म योग की व्याख्या करते हुए विभिन्न जीवनोपयोगी श्लोकों के माध्यम से जीवन जीने की कला पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को गीता के संदेशों को आत्मसात कर कर्तव्य, कर्म और सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के पश्चात मुख्य वक्ता पं. जितेंद्र शर्मा को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ. भूपेंद्र हरदेनिया ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनएसएस एवं एनसीसी के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा सीमा चौकसे ने किया।



वर्षाकाल पहुंचा गुजरने के कगार पर, औसत वर्षा से भी दूर जिला

आषाढ, सावन के बाद अब भादौ ने भी दिया धोखा, पशोपेश में प्रशासन और अन्नदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के किसानों को बारिश के मौसम से जो उम्मीद थी उसे उम्मीद पर श्योपुर में बादल बरसे नहीं जिससे फसल का उत्पादन बंपर होने के बजाय घटने के आसार निर्मित हो गए हैं। सावन सूखा जाने के बाद भादो के बादल भी बिन बरसे आसमान से होकर गुजर रहे हैं। जिले में वर्षा का जो 822 मिलीमीटर औसत आंकड़ा है उससे अभी जिला 294 मिलीमीटर दूर बना हुआ है। वर्तमान में बन रहे हालातों को देखते हुए प्रशासन और किसान दोनों ही पशोपेश की स्थिति में है। किसान फसलो को बार-बार हांककर (नई बुवाई के लिए पुरानी फसल नष्ट करना) नई बुवाई कर भाग्य आजमा रहा है लेकिन लगता है बादल भी इस बार किसान के भाग्य से रूठ गए हैं। उधर प्रशासन जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग करें या ना करें यह निर्णय नहीं ले पा रहा है। भले ही वर्षा कम हुई हो लेकिन हुई तो है और इसलिए प्रशासन श्योपुर को सूखा ग्रस्त जिला घोषित कराने की मांग नहीं कर पा रहा है। साथ ही अभी तक किसी राजनीतिक दल या किसान संगठनों ने भी इस बाबत कोई मांग नहीं की है। इससे भी प्रशासन शायद शांत बैठा हुआ है।

श्योपुर जिले की बात करें तो यहां जुलाई और अगस्त माह वर्षाकाल का पीक सीजन माना जाता है। अगस्त माह के बीत जाने के बाद भी बारिश ने औसत आंकड़ा नहीं छुआ है। अभी बारिश जिले के औसत बारिश का आंकडा 822 मिमी के मुकाबले 294 मिमी कम बरसी है जिसके अब आगे बरसने की संभावना भी दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती है। उधर वह किसान जिनके खेत सिंचित नहीं है यानी नहर अथवा सिंचाई के दूसरे साधनों से दूर है वहां के किसान लगातार फसलों को उजाड़ कर नई फैसलो की बुवाई इस उम्मीद में कर रहे हैं कि शायद बारिश बरस जाए और उनको कुछ फसल करने का अवसर मिल जाए। ऐसे कई किसान है जिन्होंने मौसम के शुरुआत में ही धान की बुवाई कर दी थी लेकिन बारिश नहीं बरसाने से पूरा धान खराब हो गया पौध पीली पड़ गई जिन्हें समझदार किसानों ने जल्द उलट कर उसमें मूंग ग्वार इत्यादि फसलों की बुवाई कर दी। दूसरी बार की गई फसल भी सिंचाई के अभाव में खराब हो रही है ऐसी फसलों को कुछ किसानों ने दूसरी बार भी उजाड़ कर तीसरी बार किस्मत आजमा ली है लेकिन जिस तरह मौसम का मिजाज दिख रहा है उससे लगता नहीं की ऊपर वाला किसानों पर मेहरबान होगा कुल मिलाकर 2026 का यह सीजन किसानों के लिए राहत भरा नहीं परेशानी भरा ही साबित होने वाला है किसानों को बंपर फसल की उम्मीद थी वह लगभग खत्म हो चुकी है।



औसत वर्षा से अभी 294 मिली मीटर दूर श्योपुर

श्योपुर जिले में बीते 28 अगस्त को अंतिम बार वर्षा बरसी उसके बाद करीब एक सप्ताह से श्योपुर जिला बारिश को तरस गया। 28 अगस्त को हुई बारिश में 22.16 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक 10.40, बडौदा में 23, कराहल में 12.40, विजयपुर में 65 मिली मीटर एवं वीरपुर में शून्य मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2026 से अभी तक जिले में कुल 528.62 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो जिले की औसत वर्षा 822 मिली मीटर से करीब 294 मिली मीटर कम है।

चंबल सूक्ष्म नहर परियोजना ने दिया धोखा

उधर 35 असिंचित गांवों को संचित करने वाली चंबल सूक्ष्म सिंचाई हर परियोजना के फेल हो जाने से भी परेशान हैं। इस क्षेत्र को सिंचित करने के उद्देश्य से सरकार ने भूमिगत नहर पाईप लाइन डाली है लेकिन किसानों का आरोप है कि इस काम में अधिकारियों ने निर्माण एजेंसी के साथ मिलकर भारी भ्रष्टाचार कर लिया है जिससे खेतों तक पानी पहुंच नहीं रहा है कई जगह नहर फूट रही है किसान बार-बार नहर का भौतिक सत्यापन करने की मांग कर रहे हैं विधानसभा में भी इसको लेकर प्रश्न जोरदारी से विधायक बाबू जंडेल कई बार उठा चुके हैं। किसानों का कहना है कि अगर नहर से सिंचाई व्यवस्था दुरुस्त होती तो इस सूखे की स्थिति में भी किसान अपने फसल अच्छे से सिंचित कर सकते थे।

इनका कहना...

जिस तरह जिले में बारिश हुई है उससे किसान बुरी तरह बर्बाद हो गए हैं। अभी तक बरसी बारिश से फसलों को खास लाभ नहीं पहुंचा है भले ही बारिश औसत आंकड़ा छू ले लेकिन जितने गैप से बारिश बरसी है उसे फसलों को लाभ कम नुकसान अधिक दिखाई दे रहा है। हमने श्योपुर को सूखाग्रस्त जिला घोषित करने की मांग की थी फिर आवेदन देकर मांग करेंगे।

राधेश्याम मूंडला
किसान नेता

बड़ौदा में स्कूल की जमीन पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का विरोध, एबीवीपी ने घेरा तहसील कार्यालय



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा कस्बे में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की बडौदा नगर इकाई ने तहसील कार्यालय का घेराव कर दिया। बडौदा में सांदीपनी विद्यालय के लिए तय जमीन पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने की योजना के विरोध में एबीवीपी कार्यकर्ताओ ने विद्यार्थियों के साथ तहसील कार्यालय का घेराव करते हुए खूब नारेबाजी की और प्रदर्शन करीब तीन घंटे चला।

एबीवीपी के जिला संयोजक गणेश शर्मा ने कहा कि बडौदा में सांदीपनी विद्यालय के लिए तय जमीन पर नगर प्रशासन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने की योजना बना रहा है।नगर परिषद प्रशासन की यह इस योजना ने छात्रों, अभिभावकों और शहर के लोगों को खासी चिंता में डाल दिया है। भाग संयोजक राज सोलंकी ने कहा कि सांदीपनी विद्यालय इस क्षेत्र में शिक्षा का केंद्र बनने वाला है। उनके मुताबिक, जमीन का उपयोग किसी दूसरे काम के लिए होने से शिक्षा के विस्तार पर असर पड़ सकता है। विद्यार्थी परिषद ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए जगह तय करते समय पर्यावरण, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आसपास के रिहायशी क्षेत्रों का ध्यान रखने की मांग की। साथ ही सांदीपनी विद्यालय की जमीन से जुड़ी पूरी जानकारी सार्वजनिक करने के लिए भी कहा है। प्रदर्शन में नगर मंत्री भानु वैष्णव, विभू शर्मा, देवराज वाल्मीकि, अंकित वाल्मीकि, आयुष नाम, मोहित चैहान, कुलदीप नायक, ऋषिराज शर्मा, सुनील सोलंकी और दर्श शर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

तहसीलदार के आश्वासन पर मानी विद्यार्थी परिषद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगो से संबंधित ज्ञापन बडौदा तहसीलदार को सौंपा। इस दौरान तहसीलदार बड़ौदा सुरेश राठौर ने छात्रों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को लेकर छात्रों की एक कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी कलेक्टर या अपर कलेक्टर से चर्चा करेगी। तहसीलदार ने कहा कि इस संबंध में छात्र-छात्राओं को दो दिवस के अंदर जानकारी दी जाएगी। तहसीलदार के इस आश्वासन पर विद्यार्थी परिषद मान गई।

खबर संक्षेप

पंचायत उप निर्वाचन 2026 का निर्वाचन कार्यक्रम जारी

अशोकनगर। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2026 (पूर्वार्द्ध) का निर्वाचन जारी किया गया है। आदर्श आचरण संहिता संबंधित ग्राम पंचायत/निर्वाचन क्षेत्र/वार्ड के क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। जो निर्वाचन परिणाम की घोषणा होने तक प्रभावशील रहेगी। 31 जुलाई की स्थिति में अशोकनगर जिले के अंतर्गत जनपद पंचायत अशोकनगर, चंदेरी, ईसागढ़, मुंगावली के रिक्त 375 पंच तथा 1 सरपंच (ग्रापं झीला जपं अशोकनगर) पद का उप निर्वाचन सम्पन्न कराया जाना है। 29 ग्राम पंचायतों में 375 पंचों के पद खाली हैं।

जन्माष्टमी पर होगा श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन

अशोकनगर। शासन के निर्देशानुसार श्री कृष्ण जन्माष्टमी 4 सितम्बर को एक दिवसीय श्री कृष्ण पर्व गरिमा अनुरूप, धार्मिक तथा पौराणिक मान्यताओ को दृष्टिगत रखते हुए मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए जाऐंगे। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री युगल सरकार मंदिर बायपास रोड अशोकनगर,श्री मेघासन मंदिर बायपास पिछोर रोड चंदेरी,श्री गोपाल मंदिर बायपास (मूलाबाई) तालाब के पास ईसागढ़ तथा श्री राधा कृष्ण मंदिर मल्हारगढ़ तहसील मुंगावली में आयोजित किये जाने के निर्देश दिए गए है। साथ ही कार्यक्रम की समस्त गतिविधियों के सुचारू एवं संचालन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग अशोकनगर, मुंगावली, चंदेरी, एवं ईसागढ़ को नोडल अधिकारी एवं समस्त मुख्य नपा अधिकारी/नगर परिषद जिला अशोकनगर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त गया है।

सड़क दुर्घटनाओं के दो मामले दर्ज

अशोकनगर। मुंगावली थाने के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं के दो अलग अलग मामले दर्ज किए गए हैं, पहली घटना बीना मुंगावली रोड़ पर महुआखाड़ी के पास हुई जिसमें शिवकुमार अहिरवार ने उक्त घटना को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ट्राला क्रमांक आरजे 11 जीवी 6967 के अज्ञात चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी की बाईक में टक्कर मार दी। दूसरी घटना में विक्रम कडेरे निवासी खडिया मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कार चालक ने चंदेरी मुंगावली रोड पर लापरवाही से चलाकर फरियादी को टक्कर मार दी।

ध्वजारोहण और शपथग्रहण समारोह के साथ हुआ आगाज

70वीं संभागीय टेबिल टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





दोपहर 12 संस्कृति विद्यालय में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 70वीं टेबिल टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नीरज मनोरिया नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जजपाल सिंह द्वारा ग्वालियर संभाग का ध्वजा रोहण कर किया।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन, दीप प्रवजलित कर किया। संस्कृति विद्यालय के बैंड कमांडर आकर्ष जैन और पूरे ग्रुप की धुन पर ग्वालियर संभाग से आई हुई 8 जिलों के 125 खिलाड़ियों और 20 ऑफिसियलों ने मंचाशीन अतिथियों को सलामी देते हुये सुंदर मार्च पास्ट किया.मार्च पास्ट के पश्चात वाणी पाण्डेय द्वारा संभागीय खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गईं, इसके बाद मंचासीन अतिथियों का पुष्प गुच्छ, माला पहनाकर स्वागत किया गया।

नपा अध्यक्ष ने स्टेडियम में टेबिल टेनिस हॉल के निर्माण और हैंडबाल मैदान बनाने की घोषणा



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने अपने खास वक्तव्य में खिलाड़ियों को स्टेडियम में टेबिल टेनिस हॉल के निर्माण एवं हैंडबाल मैदान बनाने की घोषणा की वहीं कार्यक्रम की अध्यक्ष कर रहें पूर्व विधायक जजपाल ने नई पीढ़ी जेन बच्चों से अपने खेल के प्रति ईमानदारी से खेलने और आगे बढ़ने के लिये कमर कसने को कहाँ, खेल प्रतिवेदन वाचन जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज राठौर एवं स्वागत भाषण अरुण रघुवंशी द्वारा किया गया।

3 दिनों तक चलने वाली स्पर्धा में कई मैच खेले गए

इस दौरान स्पर्धा के कई मैच खेले गए यह स्पर्धा 3 दिनों तक आयोजित होगी, अशोकनगर को इस संभागीय 70वी शालेय टेबिल टेनिस खेल स्पर्धा की मेजवानी करने का मौका मिला हैं। जिसमें संभाग के 8 जिलो की टीमें भाग ले रही हैं।

अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए

संस्कृति विद्यालय के डायरेक्टर एवं इंद्रपाल कौर ने मंचशीन अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं तुलसी के पौधा भेंट कर सम्मान किया, इस कार्यक्रम का संचालन सेवा निवृत प्रहलाद श्रीवास्तव ने किया, कार्यक्रम के समय मंच पर नीरज मनोरिया, न पा. अध्यक्ष, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, सहायक संचालक एनिस जैन, सलिल त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष, धर्मेंद्र रघुवंशी, शशिकान्त भार्गव, संतोष श्रीवास्तव, शालिनी श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

छात्राओं ने कॉलेज परिसर में निकाली पोषण जागरुकता रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में 1 से 7 सितंबर तक चलने वाले राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने उपस्थित समस्त स्टाफ और छात्राओं को पोषण शपथ दिलाई। शपथ के दौरान छात्राओं ने नियमित रूप से संतुलित आहार लेने, भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें, मौसमी फल व मोटा अनाज शामिल करने तथा जंक फूड व अत्यधिक तले-भुने खाने से दूर रहने का संकल्प लिया। साथ ही, छात्राओं ने अपने परिवार और समाज को खून की कमी (एनीमिया) और कुपोषण से बचाने के लिए जागरूक करने का प्रण लिया। शपथ ग्रहण के उपरांत कॉलेज परिसर में पोषण जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान स्वयं सेविकाओं ने सही पोषण - देश रोशन, थाली में हो हरी तरकारी - दूर भागेगी हर बीमारी, गुड़-चना रोज खाएंगे - खून की कमी मिटाएंगे और जंक फूड को दूर भगाओ - फल-सब्जियां अपनाओ जैसे नारे लगाकर पोषण और अच्छे स्वास्थ्य का संदेश दिया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मृणालिनी मिश्रा ने सप्ताह भर चलने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि पोषण सप्ताह के अंतर्गत आगामी दिनों में छात्राओं के लिए पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन, विशेष व्याख्यान, मॉडल व पोषण डिस्प्ले और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कॉलेज के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

सीडीपीओ को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

करैरा एसडीएम का निरीक्षणः आंगनबाड़ी में बच्चे नदारद, कार्यकर्ता अनुपस्थित मिली





हरिभूमि न्यूज ⏭ करैरा

अनुविभागीय अधिकारी अनुपम शर्मा ने 2 सितंबर को क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय विद्यालय, उचित मूल्य दुकान तथा आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिसमें कई खामियां सामने आईं। निरीक्षण के दौरान जब एसडीएम आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचीं तो वहां बच्चे उपस्थित नहीं मिले। इतना ही नहीं, केंद्र की कार्यकर्ता भी अनुपस्थित पाई गईं। इस लापरवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीएम ने मौके पर ही सीडीपीओ को संबंधित कार्यकर्ता के विरुद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

राशन दुकान पर मिली 91% वितरण, स्टॉक में भी कमी: वहीं उचित मूल्य की दुकान के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि हितग्राहियों को अब तक मात्र 91 प्रतिशत ही खाद्यान्न वितरण किया जा सका है। इसके साथ ही दुकान के स्टॉक में भी कमी पाई गई। इस अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने संबंधित को शत-प्रतिशत (100%) वितरण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। स्टॉक में कमी पाए जाने के कारण संबंधित विक्रेता को नोटिस जारी करने की कार्रवाई भी की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि शासकीय योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा आगे भी इस तरह की औचक निरीक्षण की कार्रवाई जारी रहेगी।

नाबालिग बालिका को अहमदाबाद से किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ करैरा



थाना करैरा पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण के एक प्रकरण में सफलता हासिल करते हुए बालिका को गुजरात के अहमदाबाद शहर से सकुशल दस्तयाब कर लिया है। वहीं मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। बता दें कि 18 अगस्त 2026 को फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को घर से बिना बताए एक अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना करैरा में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

जीरो टॉलरेंस नीति के तहत हुई कार्रवाई -पुलिस अधीक्षक याँगचेन ड़ोलकर भुटिया के निर्देश पर बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी अभियान के तहत जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। इन्हीं निर्देशों के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक आरडी प्रजापति के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी करैरा आनंद राय के कुशल नेतृत्व में विवेचना के दौरान अपहृता नाबालिग बालिका की तलाश गंभीरता से की गई। गंभीर प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने बालिका को अहमदाबाद, गुजरात से दस्तयाब कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में धारा 64(1), 64(2)(एम) बीएनएस एवं धारा 5(एल)/6 पॉक्सो एक्ट की धाराएं इजाफा की गईं। पुलिस ने आरोपी गिल्ला उर्फ कमल सिंह परिहार पुत्र ठाकुरदास परिहार (उम्र 22 वर्ष) निवासी ग्राम चौका, थाना करैरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

रक्षाबंधन पर्व पर हजारिया महादेव को पहनाई राखी



बीना। कुटी मंदिर में विराजमान हजारिया महादेव को रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में परमार्थ सेवा संगठन के सेवा मित्रों एवं शिव भक्तों ने महादेव को बड़ी राखी पहनाकर देश, प्रदेश एवं शहर के लिए स्वस्थ, उज्जवल, मंगल कामना की। बस स्टैंड के पास स्थित मंदिर पर सर्वप्रथम बाबा महादेव का श्रृंगार पुष्पों से किया गया एवं मंदिर के पुजारी नितेश तिवारी ने भगवान महादेव के पूजन के साथ बड़ी राखी का पूजन किया। पूजन उपरांत सभी भक्तों ने मिलकर बाबा हजारिया महादेव को बड़ी राखी बांधी। कार्यक्रम संयोजक पंडित उमेश शर्मा ने बताया कि जिस प्रकार उज्जैन में बाबा महाकाल को राखी पहनाई जाती है उसी तर्ज पर बीना में भी हजारिया महादेव महाकाल को हम सभी भक्त राखी पहनते हैं। इस अवसर पर सभी भक्तों ने ऊं नमः शिवाय का कीर्तन कर भगवान महादेव की आरती की। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत शिक्षक रविशंकर अवस्थी, उदल यादव, प्रमोद राय, प्रोफेसर डालचंद पटेल, पुजारी नितेश तिवारी, ममता चौरसिया, दमयंती ठाकुर, माधुरी शर्मा, रश्मि चौबे, रवि शंकर अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

2776 करोड़ की परियोजना को शासन से मिली मंजूरी

महलुआ से मालथोन के बीच बनेगा 67 किलोमीटर लंबा स्टेट हाईवे

स्टेट हाईवे बनने के बाद रिफाइनरी की नेशनल हाईवे से होगी कनेक्टिविटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

महलुआ-बीना-खिमलासा से मालथोन तक स्टेट हाईवे 61 के 67.116 किलोमीटर हिस्से को 2776 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जाएगा। इस बड़ी परियोजना को शासन से मंजूरी मिल गई है। जिसका रोड कॉरिडोर करीब 60 मीटर चौड़ा होगा। इस परियोजना को मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम पूरा करेगा। इस परियोजना से विधानसभा क्षेत्र में सड़क कनेक्टिविटी मजबूत होगी। स्टेट हाईवे बनने के बाद बीपीसीएल रिफाइनरी की सीधे नेशनल हाईवे से कनेक्टिविटी हो जाएगी। इस परियोजना को बीना की बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों और भविष्य में बढ़ने वाले यातायात के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

विदिशा जिले के ग्राम महलुआ से सागर जिला के माल्थोन तक प्रस्तावित सड़क मार्ग को फोरलाइन में चौड़ीकरण एवं उन्नयन के लिए 16 मई 25 को स्थानीय विधायक निर्मला सप्रे ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग रखी थी। इस संबंध में विधायक निर्मला सप्रे ने बताया बीना विधानसभा के लिए यह केवल सड़क निर्माण की परियोजना नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों में क्षेत्र के विकास की दिशा बदलने वाली महत्वपूर्ण अधोसंरचना है। भौगोलिक स्थिति, रेलवे कनेक्टिविटी और औद्योगिक अधोसंरचना को देखते हुए सड़क कनेक्टिविटी का मजबूत होना क्षेत्र के लिए अतिरिक्त आर्थिक अवसर पैदा कर सकता है। मार्ग के फोरलाइन होने से बीना की प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों से कनेक्टिविटी बेहतर होगी साथ ही औद्योगिक एवं व्यावसायिक वाहनों की आवाजाही सुगम होने की उम्मीद है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

नागपुर औद्योगिक कॉरिडोर से कनेक्टिविटी को भी मिलेगा लाभ

विधायक द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र में इस मार्ग की दिल्ली-नागपुर औद्योगिक कॉरिडोर से कनेक्टिविटी के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया गया था। विधायक ने पत्र में बीपीसीएल की रिफाइनरी विस्तार परियोजना, जेपी पावर प्लांट, बीना रेलवे जंक्शन एवं औद्योगिक क्लस्टर का उल्लेख करते हुए कहा था कि इस गतिविधियों के विस्तार में आने वाले वर्षों में सड़क पर यातायात का दबाव बढ़ेगा। बेहतर सड़क मार्ग बनने से औद्योगिक उत्पादों, कच्चे माल और भारी वाहनों की आवाजाही को सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के औद्योगिक एवं वाणिज्यिक विकास को गति मिल सकती है। बढ़ती औद्योगिक महत्व और भविष्य में भारी वाहनों की संभावित संख्या को देखते हुए सड़क के उन्नयन की जरूरत बताई थी।



महिलाओं ने समारोह में सामग्री का वितरण किया

अशोकनगर। लव-कुश जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शहर में निकाले गए भव्य चल समारोह का पछाड़ीखेड़ा रोड पर भव्य स्वागत किया गया। इंटरनेशनल लायंस क्लब हेल्पिंग हैंड अशोकनगर के तत्वावधान में आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसादी के रूप में केलों का वितरण किया गया। जैसे ही चल समारोह पछाड़ीखेड़ा रोड पहुंचा, लायंस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर जुलूस का अभिनंदन किया। इसके पश्चात स्टॉल लगाकर चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं और आमजनों को केले बांटे गए। इस सेवा कार्य का सफल संचालन क्लब अध्यक्ष लायन संतोष चंदेल, उपाध्यक्ष लायन किरण कुशवाहा एवं नैना शर्मा की अगुवाई में हुआ। क्लब अध्यक्ष संतोष चंदेल ने बताया कि धार्मिक और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए संस्था हमेशा ऐसे सेवा कार्यों में अग्रणी रहती है। इस दौरान क्लब के कई सदस्य और स्थानीय लोग मौजूद रहे। क्या आप इसमें किसी मुख्य अतिथि का नाम या फोटो की कोई लाइन जुड़वाना चाहते हैं।

